प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.10.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **घाटशिला उपचुनाव को शांतिपूर्ण कराने को लेकर आईजी की अध्यक्षता में अंतर्राज्यीय पुलिस समीक्षा बैठक हुई आयोजित, अपराध, नक्सल, शराब, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और संयुक्त चेकपोस्ट संचालन पर हुई चर्चा।**
2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान में देरी पर सरकार पर साधा निशाना, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से से शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की।**
3. **लोहरदगा में डायन बिसाही के आरोप में तीन लोगों की हत्या पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः लिया संज्ञान, न्यायाधीश के निर्देश के बाद ने पीड़ित परिवार को दी गई आर्थिक सहायता।**
4. **हजारीबाग में युवक ने ऑनलाइन गेम में तीन करोड़ रुपये गंवाए, प्रशासन ने लोगों से ऑनलाइन गेम के जाल में न फंसने की अपील की।**
5. **राज्य में ठंड ने दी दस्तक, तापमान में लगातार गिरावट दर्ज, मौसम विभाग ने 16 अक्टूबर तक गर्जन के साथ बारिश की जताई संभावना।**

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) डॉ. माईकलराज एस० की अध्यक्षता में सीमावर्ती पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपराधियों, नक्सलियों, अवैध शराब और मादक पदार्थों के अंतर्राज्यीय संचरण रोकने तथा चेक पोस्ट सक्रिय करने पर चर्चा की गई। घाटशिला क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों में मिरर चेक पोस्ट और अंतर्राज्यीय संगठित अपराधों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की रूप–रेखा तय की गई।

****

इधर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू प्रशासन सतर्क हो गया है और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी कड़ी कर दी गई है। उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी समीरा एस. ने आठ प्रमुख चेकपोस्टों पर तीन पालियों में दंडाधिकारियों की तैनाती का आदेश जारी किया है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लाखों आवेदन लंबित रहने पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे फीस, किताबें और हॉस्टल खर्च नहीं उठा पा रहे हैं। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से छात्रों की पीड़ा समझकर यथाशीघ्र छात्रवृत्ति भुगतान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

****

लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र में डायन बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद डालसा सचिव राजेश कुमार ने पेशरार के बर टोली गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सहायता राशि का चेक सौंपा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है मध्य प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर एक रिपोर्ट–

****

सीसीएल जन आरोग्य केंद्र ने आज गांधीनगर कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 119 लोगों की स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें परामर्श दिया। शिविर में विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और हाइपरटेंशन की जाँच की गई और सभी को निःशुल्क दवा भी प्रदान की गई। यह पहल सीसीएल द्वारा समाज और हितधारकों के बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समय–समय पर की जाती है।

****

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक गुरुवार, 16 अक्टूबर को अपराह्न 03.00 बजे झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में आयोजित की जाएगी। बैठक की सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जारी की गई।

****

हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के भीम कुमार प्रजापति ने ऑनलाइन गेम में तीन करोड़ रुपए गंवा दिए। एसपी अमित कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेम बैन कर दिया है और लोगों से अपील की है कि इस जाल में नहीं फंसें।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने हजारीबाग में दारू अंचल के राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

****

सरायकेला–खरसावां में राजद जिला कार्यालय ने उपायुक्त को संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की आधिकारिक सूची साझा की है। यह कदम असामाजिक तत्वों द्वारा राजद के लेटरहेड का अनुचित उपयोग कर प्रशासन को भ्रामक पत्र भेजने की घटनाओं के बाद उठाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष राम यादव ने अधिकारियों से अपील की है कि सूची को अभिलेख में दर्ज कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

****

देवघर जिले की बहुचर्चित पुनासी डैम परियोजना से जुड़ी जमीन का म्यूटेशन 43 साल बाद पूरा हो गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाताद–

****

राज्य के विभिन्न जिलों में ठंड ने दस्तक दे दी है इसके साथ दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग 16 अक्टूबर तक राज्य में गर्जन के साथ वर्षा की भी संभावना जताई है। इस दौरान अधिकतर जगहों पर उच्चतम तापमान 28 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच सामान्य रहने का अनुमान है।

****